# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 11/09/2024**

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --244/2024
11 सितंबर 2024
राजेन्द्र स्टेडियम, ऊर्जा नगर, महागामा, गोड्डा
====================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन गोड्डा जिला अंतर्गत महागामा में आयोजित "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार " कार्यक्रम में हुए सम्मिलित, लाभुकों से किया सीधा संवाद
====================

◆ मुख्यमंत्री ने गोड्डा एवं देवघर जिले को लगभग 339 करोड़ 60 लाख रुपए की 147 विकास योजनाओं का दिया तोहफा , हजारों लाभुकों के बीच बांटी गई परिसंपत्तियां
====================

■ मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों से कहा- आपके सहयोग से मजबूत झारखंड बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं आगे
====================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम को लेकर लग रहे विशेष शिविरों में लोगों का दिख रहा जबरदस्त उत्साह
====================

● जन -जन तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के प्रति सरकार प्रतिबद्ध

◆ आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें , हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का करेंगे काम

**◆ राज्य यह राज्य तभी आगे बढ़ेगा , जब समाज का हर वर्ग मिलजुल कर विकास में भागीदार बनेगा**

**◆ संवेदनशीलता और सजगता के साथ जनहित में काम कर रही सरकार सरकार**

**श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड**

इस राज्य की जनता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आपके सहयोग से मजबूत झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं ।आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें, इस राज्य के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम हम करेंगे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज गोड्डा जिला के महागामा स्थित राजेंद्र स्टेडियम, ऊर्जा नगर में गोड्डा एवं देवघर जिले के लिए आयोजित "आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार " कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन -जन तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के प्रति अपना संकल्प दोहराया।

**विशेष शिविरों में लोगों का दिख रहा जबरदस्त उत्साह**

मुख्यमंत्री ने कहा कि "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम का चौथा चरण चल रहा है ।इस दौरान राज्य भर के पंचायतों और टोलों में लग रहे विशेष शिविरों में लोगों का जबरदस्त देखने को मिल रहा है । यहां उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है और उन्हें विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। मैं भी विभिन्न जिलों में आयोजित हो रहे शिविरों में शामिल हो रहा हूं, ताकि इस राज्य की जनता में में सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने की खुशी को देख सकूं।

**कई घरों में कई- कई योजनाओं का एक साथ मिल रहा लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी संवेदनशीलता और सजगता के साथ हमारी सरकार लोगों के कल्याण के लिए कार्य करती आ रही है। हमारी सरकार जिस तरह अनेकों योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया है, उससे एक ही घर- परिवार में एक साथ कई योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। सभी बुजुर्गों को पेंशन मिल रहा है तो महिलाओं को सम्मान राशि। आज कोई भी घर- परिवार ऐसा नहीं है, जो सरकार की योजनाओं से वंचित है।

**हर वर्ग को मदद और राहत देने का काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग को मदद और राहत देने का काम कर रही है। किसानों के दो लाख रुपए तक के कर्ज माफ कर दिए गए हैं। लोगों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। वकीलों को पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और स्टाइपेंड की राशि देने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है। सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से बच्चियों को जोड़कर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यहां के बच्चे- बच्चियां डॉक्टर इंजीनियर और अफसर बनें, उन्हें गुरुजी क्रेडिट कार्ड के तहत 15 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। ऐसी अनेकों और योजनाएं हैं, जिसके जरिए राज्य वासियों को हम आगे बढ़ा रहे हैं।

**20 वर्ष बनाम 4 वर्ष में हुए कार्यों का आकलन करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद 20 वर्षों में जो कार्य हुए और हमारी सरकार ने विगत साढ़े चार वर्षों में जितने कार्य किए हैं, उसका आप खुद आकलन कर लें। हमारी सरकार ने कोरोना के साथ-साथ कई अन्य चुनौतियों के बीच राज्य के विकास को गति देने का काम करती आ रही है। आज इस राज्य का कोई भी ऐसा घर नहीं है जो सरकार की योजनाओं से वंचित है।

**50 लाख बहन- बेटियों को दे रहे सम्मान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 50 लाख बहन- बेटियों को सम्मान राशि देने का काम कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि आज भी यहां की एक बड़ी ग्रामीण आबादी गरीबी की जिंदगी जी रही है। वे छोटी-छोटी जरूरतों के लिए कर्ज़ लेने को मजबूर होते हैं। लेकिन, हमारी सरकार आपको अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए संकल्पित है, ताकि किसी के आगे आपको हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़े। इसके लिए अगले 5 वर्षों के दौरान हर घर में हर वर्ष एक लाख रुपए पहुंचने का काम हमारी सरकार करेगी।

**अपने गांव- देहात को कर रहे मजबूत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हमारे गांव मजबूत नहीं होंगे, राज्य सशक्त नहीं होगा। इसीलिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। यहां के आदिवासी- मूलवासी, किसान- मजदूर और गरीब- वंचित वर्ग को पूरे मान- सम्मान के साथ उनका हक- अधिकार दे रहे हैं। उन्हें उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है।

**समाज को तोड़ने वालों को नकारें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य तभी आगे बढ़ेगा, जब समाज के सभी वर्ग मिलजुल कर राज्य के विकास के भागीदार बनेंगे। समाज में बिखराव राज्य को कमजोर करता है । ऐसे में मैं आप सभी से यही कहना चाहता हूं कि समाज को तोड़ने वालों की पहचान कर उन्हें नकारें। हमारा प्रयास सभी का सहयोग लेकर इस राज्य की दशा और दिशा को बदलना है।

**गोड्डा को 29 और देवघर जिले 118 योजनाओं को मिली कई सौगातें**

मुख्यमंत्री ने " आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार " कार्यक्रम में गोड्डा एवं देवघर जिले को कुल 339 करोड़ 60 लाख 1 हजार रुपए की 147 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें गोड्डा जिला अंतर्गत 192 करोड़ रूपए की 29 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है, जबकि देवघर जिला अंतर्गत 6 करोड़ 81 लाख 66 हज़ार रूपए की 12 योजनाओं का उद्घाटन एवं 159 करोड़ 66 लाख 69 हज़ार रुपए की 106 योजनाओं का शिलान्यास संपन्न हुआ। इस अवसर पर इन दोनों जिलों के हजारों लाभुकों के बीच करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियां बांटी गई।

**इस कार्यक्रम में मंत्री श्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, विधायक श्री प्रदीप यादव, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बेबी देवी, पूर्व मंत्री श्री हेमलाल मुर्मू, पूर्व विधायक श्री संजय यादव, संताल परगना प्रमण्डल के आयुक्त श्री लालचंद दादेल, पुलिस महानिरीक्षक श्री क्रांति कुमार गड़िदेशी, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री संजीव कुमार तथा गोड्डा एवं देवघर जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।**

**=======================**

**#Team PRD(CMO)**